प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

पुनर्वास

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के पुनर्वास के लिए वन भूमि में घर बनाने की अनुमति देने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर बसाने के लिए वन भूमि की आवश्यकता है ताकि वहां स्थायी आवास बनाए जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सभी प्रभावितों को ग्रामीण क्षेत्रों में 5 हजार रूपए और शहरी क्षेत्रों में 10 हजार रूपए प्रतिमाह मकान के किराए के रूप में सहायता देने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री मंडी जिले के थुनाग, करसोग व अन्य क्षेत्रों में बादल फटने से हुए जानमाल के नुकसान से गृह मंत्री को अवगत करवाएंगे और प्रदेश के लिए आपदा राहत पैकेज मांगेंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू का केंद्रीय वित्त मंत्री सहित अन्य मंत्रियों से भी मिलने का कार्यक्रम है।

किन्नर कैलाश यात्रा

कल से 30 अगस्त तक चलने वाली किन्नर कैलाश यात्रा के लिए किन्नौर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारियां कर ली हैं। जिला उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और मेडिकल सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

अवैध कब्जे

प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर शिमला जिले में वन भूमि से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई जारी है। जिले के कोटखाई व कुमारसैन में सेब के लगभग 500 पौधों को काटा गया है।

मौसम

प्रदेश के अधिकतर भागों में बीती रात हुई वर्षा के बाद आज अधिकांश भागों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने आज कांगड़ा और सिरमौर ज़िले में भारी से बहुत भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं जबकि मण्डी, शिमला और सोलन ज़िलों के लिए यलो अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने 17 जुलाई तक राज्य के अनेक स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई है। इस बीच प्रदेश में मॉनसून सीज़न के दौरान अब तक 98 लोगों की मौत हुई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला और दिव्य हिमाचल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है बिना शर्त आपदा राहत पैकेज दे केंद्र सरकार।

मौसम की खबर को दैनिक भास्कर ने शीर्षक दिया है 27 घंटे बाद खुला चंडीगढ़–मनाली हाइवे, 1 सौ 96 सड़कें व व 73 ट्रांसफार्मर अब भी बंद। पंजाब केसरी ने लिखा है बारालाचा व शिंकुला दर्रों में गिरे फाहे, आज कांगड़ा और सिरमौर में भारी बारिश का अलर्ट।